| | |
|---|---|
| विज्ञान संकाय | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान |

चुने हुए माइनर पेपर की कक्षाएं संकाय में संचालित उसी कोर्स की कक्षाओं के साथ ही होंगी। परन्तु, माइनर पेपर/कोर्स की परीक्षा अलग से होगी।

## 4. कौशल विकास कोर्स (Vocational/Skill Development Courses)

4.1 स्नातक के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षो (चार सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में 03 क्रेडिट का एक कौशल विकास कोर्स करना आवश्यक होगा। इसे सी0जी0पी0ए0 की गणना में सम्मिलित किया जायेगा।

4.2 इस कोर्स की परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें 40 अंकों की बाह्य मूल्यांकन (सैद्धांतिक) तथा 60 अंकों का सतत् आन्तरिक मूल्यांकन (प्रशिक्षण/ट्रेनिंग/प्रैक्टिकल) होगा। प्रत्येक वोकेशनल कोर्स को समेकित रूप से 40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। बैक परीक्षा की सुविधा बाह्य एवं आन्तरिक मूल्यांकन दोनों में दी जायेगी।

4.3 स्नातक स्तर के विद्यार्थी को दो वर्षों (चार सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में लिए जाने वाले कौशल विकास कोर्स (Vocational/Skill Development Courses) निम्नवत है:–

| | |
|---|---|
| Semester – 1 (Any one) | 1- Principles and Practice of Insurance |
| | 2- Organic Farming. |
| Semester – 2 (Any one) | 1- Advertising and Sales Promotion. |
| | 2- Agribuisiness Management |
| Semester – 3 (Any one) | 1- Community Science |
| | 2- Analytical Instrumentation |
| Semester – 4 (Any one) | 1- Foreign Trade Practices and Procedures |
| | 2- Nutrition and Health Science |

## 5. सह–विषय कोर्स (Co-Curricular Courses)

5.1 स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षों (छः सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में 02 क्रेडिट का एक Co-Curricular Course करना अनिवार्य होगा।

5.2 इस कोर्स की परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें 75 अंकों का बाह्य मूल्यांकन तथा 25 अंकों का सतत आन्तरिक मूल्यांकन होगा। प्रत्येक Co-Curricular Course को समेकित रूप में 40 प्रतिशत अंको के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी0जी0पी0ए0 की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

5.3 स्नातक स्तर के विद्यार्थी को तीन वर्षों (छः सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में लिये जाने वाले सह–विषय/कोर्स (Co-Curricular Courses) निम्नवत हैं :–

| | |
|---|---|
| स्नातक प्रथम सेमेस्टर | खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygiene) |
| स्नातक द्वितीय सेमेस्टर | प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (First Aid and Health) |
| स्नातक तृतीय सेमेस्टर | मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environment Studies) |
| स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर | शारीरिक शिक्षा एवं योग (Physical Education and Yoga) |
| स्नातक पंचम सेमेस्टर | विश्लेषणात्मक योग्यता और डिजिटल अवेयरनेस (Analytic Ability and Digital Awareness) |
| स्नातक षष्ठ सेमेस्टर | संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास (Communication Skills and Personality Development) |

## 6. शोध परियोजना (Research Project)

6.1 स्नातक स्तर पर प्रत्येक विद्यार्थी को तीसरे वर्ष (पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर) तथा चतुर्थ वर्ष (सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर) में शोध परियोजना पूरी करनी होगी।

6.2 विद्यार्थी द्वारा चुने गये तीसरे वर्ष के दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय से सम्बन्धित आठ क्रेडिट की लघु शोध परियोजना करनी होगी। यह शोध परियोजना अन्तर्नुशासनात्मक (Interdisciplinary) भी हो सकती है। यह शोध परियोजना इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग/इन्टर्नशिप/सर्वे वर्क इत्यादि के रुप में भी हो सकती है।

6.3 शोध परियोजना एक शिक्षक (सुपरवाइजर) के निर्देशन में पूर्ण की जायेगी। एक अन्य को–सुपरवाइजर किसी उद्योग/कम्पनी/तकनीकी संस्थान/शोध संस्थान से लिया जा सकता है।

6.4 विद्यार्थी वर्ष के अन्त में दोनों सेमेस्टर में की गई शोध परियोजनाओं की संयुक्त रिपोर्ट/प्रतिवेदन (Report/Dissertation) जमा करेगा, जिसका मूल्यांकन सुपरवाइजर एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से 100 अंकों में किया जायेगा। इसका उत्तीर्णांक 40 अंक होगा।

6.5 स्नातक स्तर के विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर शोध परियोजना के प्राप्तांक पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी0जी0पी0ए0 की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

6.6 स्नातक (शोध सहित) के विद्यार्थी को चतुर्थ वर्ष में आठ क्रेडिट की शोध परियोजना करनी होगी, जिसका मूल्यांकन सुपरवाइजर एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से 100 अंकों में किया जायेगा। इसका उत्तीर्णांक 40 अंक होगा। विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर शोध परियोजना के प्राप्तांक पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी0जी0पी0ए0 की गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

